दिन– गुरूवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 25 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पचहत्तर लाख महिलाओं के खाते में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की पहली किस्त की राशि दस–दस हजार रूपये ऑनलाइन भेजेंगे।

02. चुनाव आयोग ने विधानसभा से जुड़े कर्मियों के तबादले पर छह अक्टूबर के बाद लगाई रोक। आयोग ने राज्य सरकार से तबादले की रिपोर्ट भी मांगी।

03. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को बिहार का चुनाव प्रभारी बनाया गया। सी. आर. पाटिल और केशव प्रसाद मौर्य को मिली सह प्रभारी की जिम्मेदारी।

04. और, केंद्रीय गृह मंत्रि अमित शाह कल राज्य के दो दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचेंगे। पार्टी पदाधिकारियों के साथ चुनावी रणनीतियों पर करेंगे मंथन।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल प्रदेश में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की पहली किस्त की राशि सात हजार पांच सौ करोड़ रुपये जारी करेंगे। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी योजना के अंतर्गत पचहत्तर लाख महिलाओं के खाते में दस–दस हजार रुपये की आर्थिक सहायता की पहली किस्त डीबीटी के माध्यम से अंतरित करेंगे। श्री चौधरी ने बताया कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने बताया कि अब तक ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी एक करोड़ दस लाख महिलाओं ने इस योजना के तहत आवेदन किया है। इस अवसर पर पटना में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, मंत्रिमंडल के कई सहयोगी, वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

---

चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनाव से जुड़े कर्मियों के तबादले पर छह अक्टूबर के बाद रोक लगा दी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने इस सिलसिले में मुख्य सचिव को पत्र लिखकर सरकारी कर्मचारियों के तबादले की रिपोर्ट भी मांगी है। उन्होंने कहा कि चुनाव से सीधे तौर पर संबंधित किसी भी अधिकारियों और कर्मचारियों का पदस्थापन उनके गृह जिले में नहीं किया जाएगा। आयोग ने तीस

नवम्बर तक एक ही स्थान पर तीन साल पूरा कर रहे अधिकारियों और कर्मचारियों का स्थानांतरण अनिवार्य रूप से किये जाने का निर्देश दिया है।

---

चुनाव आयोग ने मतगणना को लेकर भी एक नया आदेश जारी किया है। अब इवीएम–वीवीपैट की मतगणना का दूसरा तथा अंतिम चरण तब तक शुरू नहीं होगा, जबतक डाक मत पत्रों की गिनती पूरी नहीं हो जाती है। यह निर्णय विकलांग और पचासी वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को घर से मतदान की सुविधा देने के फैसले के बाद पोस्टल बैलेट की संख्या में बढ़ोतरी के मद्देनजर लिया गया है। आयोग ने आज इस संबंध में एक प्रेस नोट जारी किया। ताजा निर्देश में कहा गया है कि जिन मतदान केंद्रों पर डाक मत पत्र–पोस्टल बैलेट की गिनती की जानी है, वहां रिर्टनिंग ऑफिसर पर्याप्त संख्या में टेबल और गिनती कर्मचारी की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे।

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय बिहार दौरे पर कल पटना पहुंच रहे हैं। श्री शाह अररिया, सहरसा, पूर्णिया और भागलपुर में मंडल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री तय कार्यक्रम के अनुसार सत्ताईस सितम्बर को अररिया के फारबिसगंज में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसके साथ ही पटना में पार्टी पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं के साथ चुनावी रणनीतियों पर मंथन करेंगे।

---

भारतीय जनता पार्टी ने वरिष्ठ नेता और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को बिहार विधानसभा चुनाव के लिए प्रभारी बनाया है। इसके साथ ही केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल और उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को प्रदेश का सह चुनाव प्रभारी बनाया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह ने पत्र जारी कर बताया है कि पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के लिए भी चुनाव प्रभारी नियुक्त किये गये हैं।

---

भाजपा की जिलावार कोर कमिटी की बैठक आज दूसरे दिन भी पटना में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आवास पर हुई। बैठक में चौदह जिलों के नेताओं और

कार्यकर्ताओं के साथ संभावित उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की गयी। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा ने कहा कि मौजूदा विधायकों का टिकट नहीं कटेगा।

———बाइट———

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा है कि कांग्रेस आज राजद की बैसाखी के भरोसे खड़ी है। पटना में आयोजित कांग्रेस कार्य समिति की बैठक पर कटाक्ष करते हुए श्री पाल ने कहा कि कांग्रेस को लालू यादव का जंगलराज भी जरूर याद रखना चाहिए।

———बाइट———

जगदम्बिका पाल ने कहा कि चुनाव आयोग एसआईआर की प्रक्रिया चुनावी सुधार के लिए कर रहा है। जबकि महागठबंधन के लोग रोहिंगिया और बांग्लादेशी घुसपैठियों को बचाने के लिए एसआईआर का विरोध कर रहा है।

———बाइट———

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा है कि महागठबंधन अति पिछड़ा समाज के लिए आरक्षण बढ़ाने की बात कर उन्हें गुमराह कर रहा है। श्री जायसवाल ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए महागठबंधन के संकल्प पत्र को ढोंग बताया। उन्होंने कहा कि सत्तर–अस्सी सालों तक कांग्रेस–राजद को अति पिछड़ा समाज की चिंता नहीं थी। अब चुनाव के समय इनके नाम पर केवल बयानबाजी की जा रही है।

———बाइट———

---

एआईएमआएम प्रमुख असदृदीन ओवैसी ने महागठबंधन के नेताओं पर भाजपा विरोधी मुहिम को कमजोर बनाने का आरोप लगाया है। पार्टी की सीमांचल न्याय यात्रा के तहत अररिया में सभा को संबोधित करते हुए श्री ओवैसी ने कहा कि उनकी पार्टी चाहती है कि महागठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ें। लेकिन राजद और कांग्रेस को यह मंजूर नहीं है।

———बाइट———

---

राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि बिहार के लोग इस बार सत्ता परिवर्तन चाहते हैं और ये होकर रहेगा। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री यादव ने कहा कि अगर महागठबंधन की सरकार बनी, तो माई बहिन मान योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाएं लायी जायेंगी।

———बाइट———

---

भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा है कि राज्य में बदलाव की लहर चल रही है। श्री भट्टाचार्य ने दरभंगा के शोभन में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि **बदलो सरकार, बदलो बिहार** का नारा आम जन की आवाज बन गया है। उन्होंने दावा किया कि महागठबंधन में सभी बिंदुओं पर चर्चा जारी है और सहमति के आधार पर सारे फैसले लिये जायेंगे।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर,परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला – श्सेवा पर्वश में, हम आपके लिए ला रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने रक्षा उत्पादन को मज़बूत किया है, जिससे भारत आत्मनिर्भर बना है और वैश्विक रक्षा बाज़ार में वह एक उभरती हुई शक्ति बन गया है।

———रिपोर्ट———

रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता नरेन्द्र मोदी सरकार की सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में से एक रही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मेड इन इंडिया की ताकत देखने को मिली। प्रधानमंत्री मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के महत्व पर ज़ोर दिया है... आपने ऑपरेशन सिंदूर में देखा मेड इन इंडिया की कमाल क्या थी कि दुश्मन को पता तक ना चला कौन सा शस्रात्र है कि कौन सा सामर्थ्य है पलक भर में उनको नष्ट कर रहा है। सोचिए अगर हम आत्मनिर्भर ना होते तो क्या ऑपरेशन सिंदूर इतनी बड़ी गति से हम कर पाते। पता नहीं कौन सप्लाई देगा नहीं देगा, साजो सामान मिलेगा नहीं मिलेगा इसी की चिंता बनी रहती। लेकिन हमें मेड इन इंडिया की शक्ति हमारे हाथ में थी सेना के हाथ में थी। इसलिए बिना चिंता, बिना रूकावट, बिना हिचकिचाहट हमारी सेना अपना पराक्रम करती रही। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में, वार्षिक रक्षा उत्पादन 2024–25 में एक लाख 50 हज़ार करोड़ रुपये से भी अधिक के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुँच गया, जो 2014–15 के मुकाबले तीन गुना से भी ज़्यादा है। उद्योग के सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों ने पिछले एक दशक में दूरगामी नीतिगत सुधारों, व्यापार में बढ़ती सुगमता और स्वदेशीकरण पर रणनीतिक ध्यान केंद्रित करने से साल–दर–साल वृद्धि दर्ज की है। मेक–इन–इंडिया भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा का एक अनिवार्य घटक है। इसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रभावी कार्रवाई में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। रणनीतिक नीतियों और स्वदेशी नवाचारों से प्रेरित रक्षा उत्पादन में भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता ने राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा दिया है। बढ़ते निर्यात और मेक इन इंडिया जैसी पहल अंतर्राष्ट्रीय रक्षा बाजार में देश की एक प्रमुख क्षमता बनने की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। आनंद की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से सरफिरोजी।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज भागलपुर जिले में कहलगांव के धुआबे में लगभग तीन सौ करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने अपनी प्रगति यात्रा के दौरान इन योजनाओं को लेकर घोषणाएं की थीं। श्री कुमार ने विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के साथ संवाद भी किया। इस अवसर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत एनडीए गठबंधन के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

---

निगरानी की टीम ने मधुबनी जिले के बाबूबरही इलाके में भूपट्‌टी चौक के पास छापेमारी कर जिला नियोजन पदाधिकारी मृणाल कुमार चौधरी को बीस हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। टीम ने कम्प्यूटर ऑपरेटर राहुल कुमार को भी दस हजार रुपये की रिश्वत की राशि के साथ गिरफ्तार किया है। इन दोनों को पटना स्थित निगरानी की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा।

---

राज्पाल आरिफ मोहम्म्द खां ने पटना के ज्ञान भवन में आयोजित चार दिवसीय साहित्य उत्सव "उन्मेष" का आज उद्‌घाटन किया। यह उत्सव अट्‌ठाईस सितम्बर तक चलेगा। इस अवसर पर राज्यपाल ने साहित्यिक समुदाय से भटकाव के डिजिटल युग में गरिमा और मानवता के लक्ष्य को फिर से हासिल करने का आग्रह किया। साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक ने कहा कि उन्मेष महोत्सव अभिव्यक्ति के विभिन्न स्वरों को मंच प्रदान करता है।

---साउंड बाइट---

---

शारदीय नवरात्र के चौथे दिन आज माँ दुर्गा के कुष्माण्डा स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है।

---म्यूजिक---

हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवी का यह स्वरूप कष्टों और संकटों से मुक्ति दिलाता है। पटना में प्रसिद्ध शक्ति पीठ बड़ी पटनदेवी में मां के दर्शन और पूजन के लिए भक्तों की लंबी कतार लगी हुयी है। इधर, विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया कि सुबह से ही मंदिरों और शक्तिपीठों में पूजा–अर्चना के लिए

श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। पूरा वातावरण माँ दुर्गा के मंत्रोच्चार से गुंजायमान है।

———म्यूजिक———

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पचहत्तर लाख महिलाओं के खाते में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की पहली किस्त की राशि दस–दस हजार रूपये ऑनलाइन भेजेंगे।

02. चुनाव आयोग ने विधानसभा से जुड़े कर्मियों के तबादले पर छह अक्टूबर के बाद लगाई रोक। आयोग ने राज्य सरकार से तबादले की रिपोर्ट भी मांगी।

03. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को बिहार का चुनाव प्रभारी बनाया गया। सी. आर. पाटिल और केशव प्रसाद मौर्य को मिली सह प्रभारी की जिम्मेदारी।

04. और, केंद्रीय गृह मंत्रि अमित शाह कल राज्य के दो दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचेंगे। पार्टी पदाधिकारियों के साथ चुनावी रणनीतियों पर करेंगे मंथन।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।